# कार्मेल स्कूल मधुपुर
## कक्षा - तृतीय
## हिन्दी - प्रथम

## पाठ-1 (भाषा और व्याकरण)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न (क) भाषा किसे कहते हैं? भाषा के कितने रूप होते हैं?

उत्तर → भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने भावों और विचारों को एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं।
भाषा के दो रूप होते हैं -
(1) मौखिक भाषा (2) लिखित भाषा ।

मौखिक भाषा → जब कोई व्यक्ति बोलकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाता है और दूसरा व्यक्ति सुनकर समझ लेता है, उसे मौखिक भाषा कहते हैं।

लिखित भाषा → जब हम हाथ या मशीन से लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुँचाते हैं, तो उसे लिखित भाषा कहते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न-(ख) लिपि किसे कहते हैं?

उत्तर → किसी भी भाषा की लिखावट या लिखने का ढंग। ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं।

प्रश्न-(ग) व्याकरण की परिभाषा लिखिए।

उत्तर → व्याकरण वह विद्या है जिसके द्वारा किसी भाषा को शुद्ध बोला, पढ़ा और शुद्ध लिखा जाता है, व्याकरण कहलाता है।

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

प्रश्न (क) वर्ण किसे कहते हैं? वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर → मुख से निकली ध्वनि जिसके टुकड़े न किए जा सकें, उसे वर्ण कहते हैं।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं
① स्वर वर्ण ② व्यंजन वर्ण।

स्वर वर्ण → जिन वर्णों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की आवश्यकता नहीं पड़ती, उन्हें स्वर कहते हैं।

हिन्दी में ग्यारह (11) स्वर हैं; जैसे - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

व्यंजन वर्ण → जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों के सहयोग से होता है, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला में इनकी संख्या तैंतीस (33) है।
क से ह तक व्यंजन वर्ण हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न-(ख) वर्णमाला किसे कहते हैं?

उत्तर → किसी भी भाषा के वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं।

प्रश्न-(ग) मात्रा किसे कहते हैं?

उत्तर → व्यंजनों के साथ स्वर का जो चिह्न लगता है, उसे मात्रा कहते हैं।

Scanned with CamScanner